सत्र 2015
अकादमिक कलैण्डर

कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन भोपाल–462004

:: आदेश ::

16/5/15

भोपाल, दिनांक 15/05/2015

क्रमांक : 365/83/आउशि/शाखा–5'अ'/2015: राज्य शासन एतद् द्वारा माननीय कुलाधिपति जी के अनुमोदन पश्चात मध्यप्रदेश के शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के लिये 2015–16 हेतु अकादमिक कैलेण्डर जारी करता है।

(एन.सी. तेकाम)
प्रभारी आयुक्त/अपर संचालक(वित्त)
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृष्ठांकन क्रमांक : 366/83/आउशि/शाखा–5'अ'/2015, भोपाल, दिनांक 15/05/2015
प्रतिलिपि :

H.C | P.F
16.5.15

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. निज सहायक माननीय मंत्री/राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, म.प्र.।
3. अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल।
4. कुलसचिव, भोपाल/इन्दौर/जबलपुर/ग्वालियर/रीवा/सागर एवं उज्जैन विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
5. कुलसचिव, समस्त निजी विश्वविद्यालय, म.प्र.।
6. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।
7. प्राचार्य, समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, म.प्र.।
8. प्रभारी आई.टी. सेल, उच्च शिक्षा, की ओर, वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ।

(डॉ. के.एम. जैन) 15.5.15
संयुक्त संचालक
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

Online Adm letters

प्रस्तावित अकादमिक कैलेंडर सत्र 2015–16

(समस्त कक्षाओं के लिए प्रभावशील)

अकादमिक कार्य	प्रथम/तृतीय/पंचम सेमेस्टर	द्वितीय/चतुर्थ/षष्ठ सेमेस्टर
आरंभिक कक्षाएं/शून्य कक्षाएं/स्वाट विश्लेषण	01 जुलाई से 11 जुलाई 2015 (10 कार्य दिवस)	—
शैक्षणिक एवं सतत् समग्र मूल्यांकन कार्य	13 जुलाई से 7 नवम्बर 2015 (93 कार्य दिवस)	01 जनवरी से 23 अप्रैल 2016 (90 कार्य दिवस)
सी.सी. ई. कार्य	सितम्बर द्वितीय सप्ताह	मार्च द्वितीय सप्ताह
परीक्षा पूर्व तैयारी अवकाश	14 नवम्बर से 16 नवम्बर 2015 (कुल 03 दिवस)	24 अप्रैल से 26 अप्रैल 2016 (कुल 03 दिवस)
प्रायोगिक परीक्षाएँ (स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाएं)	15 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2015 के मध्य (03 कार्य दिवस)	25 मार्च से 11 अप्रैल 2016 के मध्य (03 कार्य दिवस)
सेमेस्टर एवं एटीकेटी परीक्षा	17 नवम्बर से 21 दिसम्बर 2015	27 अप्रैल से 26 मई 2016
परीक्षा परिणामों की घोषणा	31 दिसम्बर 2015 तक	15 जून 2016 तक
सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) विद्यार्थियों के लिए	22 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2015 (10दिवस)	27 मई से 30 जून 2016 (35दिवस)
सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) शिक्षकों के लिए *	22 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2015 (10दिवस) *	27 मई से 15 जून 2016 (20 दिवस) *

- छात्रसंघ गठन : अगस्त/सितम्बर – 2015
- खेलकूद/युवा उत्सव /अन्य गतिविधियाँ (एक सप्ताह) : माह अक्टूबर 2015
- दीपावली अवकाश : 08 नवम्बर से 13 नवम्बर 2015 तक
- वार्षिकोत्सव/पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन एवं विमोचन : फरवरी अंतिम सप्ताह/मार्च प्रथम सप्ताह, 2016 (अधिकतम 04 दिवस)

टीप :–

(1) अपरिहार्य कारणवश शैक्षणिक कार्य निर्धारित मानक दिवसों से कम होने की दशा में, महाविद्यालय/विवि स्तर पर शैक्षणिक कालखण्डों की अवधि में आवश्यकतानुसार वृद्धि कर शैक्षणिक दिवसों की पूर्ति की जावे ताकि अकादमिक कैलेण्डर का पालन समयानुसार सुनिश्चित किया जा सके।

(2) स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के अतिरिक्त अन्य सभी कक्षाओं में प्रवेश हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत (2015–16) में उल्लेखित प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया को अपनाते हुए शैक्षणिक कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जावे।

(3) सेमेस्टर अंतराल (ब्रेक) के दिवसों में एनएसएस/एनसीसी के शिविरों के आयोजन को प्राथमिकता प्रदान की जावे ताकि कार्य दिवसों का मानक लक्ष्य यथावत बना रहे। सक्षम अनुमति प्राप्त कर अकादमिक पर्यटन/टूर/सेमीनार/कार्यशाला/संगोष्ठी/प्रशिक्षण कार्यक्रम भी इसी दौरान आयोजित किये जावे।

(4) स्नेह सम्मेलन वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक-पत्रिका का प्रकाशन तथा विमोचन 09 मार्च 2016 के पूर्व कर लिया जावे।

*सेमेस्टर अंतराल में आवश्यकतानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा शिक्षकों को रोका जा सकेगा।